हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

14 भाजपा कार्यालय घेरने निकली कांग्रेस प्रशासन ...

14 घासीदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई


# गुरुघासीदास जयंती: 'मनखे-मनखे एक समान' से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



दंतेशरी वार्ड स्थित सतनामी समाज के प्रमुख संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबाजी की जयंती पर गुरुवार को आयोजित समारोह में 'मनखे–मनखे एक समान' के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत-सत्कार पश्चात बाबाजी के चित्र पर श्रद्धा अर्पित की गई और उनके जीवन,विचारों व सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला गया।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु घासीदास बाबाजी ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता का जो संदेश मानव समाज को दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने जाति-भेद और असमानता के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए 'मनखे–मनखे एक समान' का अमर विचार दिया, जो समाज को जोड़ने वाली कड़ी है। अतिथियों ने सभी से बाबाजी के बताए मार्ग पर चलकर ⏭ शेष पेज 14 पर

## भाजपा ने बाबा के योगदान को किया याद



**जगदलपुर।** संत शिरोमणि गुरुघासीदास बाबाजी की जयंती के अवसर पर गुरुघासी दास वार्ड में भाजपा पूर्वी मंडल द्वारा श्रद्धापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फिरंता देवी मंदिर प्रांगण में बाबाजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी आर्येंद्र सिंह आर्य,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने बाबाजी के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ के महान संत, समाज सुधारक और सतनाम पंथ के संस्थापक गुरुघासीदास बाबाजी ने सत्य, अहिंसा और समानता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-भेद का विरोध कर समाज में समरसता की स्थापना की। उनके सम्मान में गिरौदपुरी में विशाल जैतखाम स्थापित है तथा उनके नाम पर केंद्रीय विश्वविद्यालय भी संचालित है। उनकी जयंती प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप

### नाबार्ड की 350 करोड़ रुपए की ऋण योजना का विमोचन



**बीजापुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बीजापुर जिले हेतु 350 करोड़ रुपये की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना तैयार की गई है। यह योजना भारतीय रिजर्व बैंक के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण दिशा-निर्देशों के अनुरूप कृषि ऋण, कृषि अधोसंरचना, कृषि सहायक गतिविधियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई, शिक्षा, आवास नवीनीकरण, ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों को कवर करती है। इस संभाव्यतायुक्त ऋण योजना की पुस्तक का विमोचन जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक में जिला पंचायत बीजापुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे द्वारा किया गया। बैठक में नाबार्ड के एलडीओ नवीन तिवारी, जिला विकास प्रबंधक संतोष रामटेके, अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार जालक्सो सहित जिले में कार्यरत सभी बैंकों के प्रबंधक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ नम्रता चौबे ने जिले की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई।

### आईटीआई के प्रयासों से चौथी बार रक्तदान शिविर



**गीदम।** जिला अस्पताल में रक्त की कमी को दूर करने के उद्देश्य से आईटीआई कटेकल्याण के सराहनीय प्रयासों से चौथी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन विजय दिवस के अवसर पर विकासखंड कटेकल्याण में किया गया, जो देशभक्ति के साथ-साथ मानव सेवा का भी सशक्त उदाहरण बना। इस रक्तदान शिविर में शिक्षक संघ के साथी, विकासखंड शिक्षा कार्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज कटेकल्याण, जनपद पंचायत एवं विकासखंड के सभी विभागों का सक्रिय सहयोग रहा। सभी के सामूहिक प्रयास से यह शिविर एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरा। शिविर में 70–75 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से कुल 41 यूनिट रक्तदान सफलतापूर्वक एकत्र किया गया। यह रक्त भविष्य में कई ज़रूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा।

### कानूनी प्रक्रिया के तहत की जा रही कूप कटाई

**बीजापुर।** वनमंडल अंतर्गत कूप कटाई कार्य को लेकर फैल रही भ्रांतियों के बीच वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य पूर्णतः कानूनी प्रक्रिया एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। इस संबंध में आज स्थानीय पत्रकारों को आमंत्रित कर वन विभाग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय ने बताया कि बीजापुर वनमंडल में वर्ष 1992-93 तक कूप कटाई का कार्य प्रचलित कार्ययोजना के अनुसार किया जाता था। जिसमें सीमित मात्रा में वृक्षों का विदोहन होता था। वर्ष 1992-93 के पश्चात यह क्षेत्र अतिसंवेदनशील घोषित होने के कारण कूप कटाई कार्य बंद कर दिया गया था। बाद में गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के बीजापुर भ्रमण के दौरान नक्सल मुक्त क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से पुनः कूप कटाई कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग ने बताया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अनुमति के बाद ही यह कार्य किया जा रहा है।

**विरोध :** बीजेपी कार्यालय घेराव की कोशिश, कांग्रेसियों की पुलिस से हुई जमकर झूमा-झटकी

# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस का आक्रामक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली की एक अदालत द्वारा कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी के धन शोधन आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार किए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे सत्य की जीत बताते हुए भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला मुख्यालय जगदलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सत्ताधारी भाजपा के संभागीय कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया। कांग्रेस के आक्रोश को देखते हुए पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का संकल्प दोहराया। लोकतंत्र पर हमले का आरोप, भाजपा पर निशाना साधते पूर्व विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का षड्यंत्र पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। एक दशक तक एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई, लेकिन अब सच्चाई सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास गौरवशाली है, जो अंग्रेजों से नहीं डरी,वह मोदी और भाजपा से भी नहीं डरेगी। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक गण राजमन बेंजाम व चंदन कश्यप, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पूर्व सभापति कविता साहू,वरिष्ठ कांग्रेसी, रामशंकर राव, उमाशंकर शुक्ला, हनुमान द्विवेदी, विक्रम सिंह डांगी, गौरनाथ नाग, अनवर खान, हेमू उपाध्याय, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेत राज झा,एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन सम्मलित थे।

### संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्रीय सरकार केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी आवाजों को कुचलने के लिए कर रही है। सरकार को जनता की सेवा के लिए चुना गया है, न कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को दबाव का औजार बनाने के लिए। कांग्रेस इस तरह की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

### साजिश बेनकाब, संघर्ष जारी रहेगा

नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह पूरा मामला राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण है। एजेंसियों के दुरुपयोग के जरिए विपक्ष को डराने की रणनीति अब विफल हो चुकी है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र, संविधान और जनादेश की रक्षा के लिए पार्टी किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगी और भाजपा की कथित तानाशाही नीतियों के खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# प्ले क्लास पंजीयन अनिवार्य: बस्तर में निजी स्कूलों में मान्यता की होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ जांच की जाएगी : डीईओ

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छोटे बच्चों के लिए संचालित प्ले क्लास में पंजीयन और मान्यता को अनिवार्य किए जाने के बाद बस्तर अंचल में निजी स्कूल संस्थाएं तेजी से औपचारिकता पूरी करने में जुट गई हैं। आदेश के बाद कई निजी संस्थानों ने अपने-अपने प्ले क्लास का पंजीयन कराना शुरू कर दिया है, ताकि संचालन पर कोई वैधानिक आपत्ति न रहे। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से बच्चों की सुरक्षा,शिक्षण गुणवत्ता और अभिभावकों के अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

बस्तर जिले में फिलहाल केवल तीन निजी प्ले क्लास के विधिवत पंजीकृत होने की पुष्टि हुई है। इनमें दो प्ले क्लास जगदलपुर शहर क्षेत्र में और एक शहर से सटी ग्राम पंचायत आड़ावाल में संचालित हैं। तीनों संस्थानों का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, इसके अलावा अन्य स्थानों पर संचालित प्ले क्लास की औपचारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने बताया कि शासन के निर्देश प्राप्त होने के बाद पूरे जिले में निजी प्ले क्लास और प्रारंभिक कक्षाओं की विस्तृत पड़ताल की जाएगी। जो संस्थान बिना पंजीयन या नियमों के विपरीत प्ले क्लास संचालित करते पाए जाएंगे। उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### *जिले भर में होगा सर्वे और सत्यापन*

*शासन के आदेश के बाद शिक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में सर्वे और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पंजीयन, भवन सुरक्षा, शिक्षक योग्यता और मूलभूत सुविधाओं की जांच के आधार पर ही प्ले क्लास को मान्यता मिलेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर चेतावनी से लेकर संचालन प्रतिबंध तक की कार्रवाई प्रस्तावित है।*

## भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन से सांसदों ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : सांसद कश्यप

भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में छत्तीसगढ़ के सांसदों ने सामूहिक रूप से उनसे सौजन्य भेंट की। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिलेगी तथा ⏭ शेष पेज 14 पर

## माहेश्वरी समाज की अनूठी पहल, कराया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ बेटियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए जागरुकता का सार्थक प्रयास



बस्तर जिला माहेश्वरी सभा और जगदलपुर माहेश्वरी समाज के आतिथ्य में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण के तीसरे और अंतिम डोज का आयोजन माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 9 से 26 वर्ष की बालिकाओं को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखना। 120 बालिकाओं को सफलतापूर्वक वैक्सीनेशन किया गया। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. भंवर शर्मा व उनकी टीम द्वारा सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, रोकथाम और समय पर वैक्सीन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि समय ⏭ शेष पेज 14 पर

## मांग पूरी नहीं होने से नाराज कर्मचारियों की हड़ताल 29 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ गारंटी पूरी कराने के लिए तीन दिन करेंगे सरकारी कामकाज करेंगे ठप



छत्तीसगढ़ सरकार की उपेक्षा से नाराज कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी को लागू कराने के लिए तीन दिवसीय काम बंद, कलम बंद हड़ताल का निर्णय लिया है। यह हड़ताल 29, 30 और 31 दिसंबर को होगी, जिससे बस्तर जिले में सरकारी कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहेगा। हड़ताल की व्यापक तैयारी को लेकर बुधवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी-अधिकारी संगठनों की आवश्यक ⏭ शेष पेज 14 पर

### आंदोलन को निर्णायक बनाने का संकल्प

तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान सरकारी कार्यालयों में तालाबंदी की स्थिति रहेगी। अस्पताल,स्कूल और कॉलेजों में सेवाएं प्रभावित होंगी, वहीं सरकारी वाहन भी नहीं चलेंगे। फेडरेशन का आरोप है कि सरकार के दो वर्ष पूरे होने के बावजूद मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन नहीं हुआ,जो कर्मचारियों के साथ भेदभाव है। आंदोलन को निर्णायक बनाने के लिए सभी संगठनों ने एकजुटता से मैदान में उतरने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

**शक्ति केंद्र—बूथ विस्तार से 'मेरा बूथ' को मजबूत करने पर मंथन**

# एसआईआर पर भाजपा की संगठित पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आगामी चुनावी चुनौतियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में गुरुवार को पंडित सुंदर लाल शर्मा शक्ति केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण एवं मतदाता शुद्धिकरण कार्यक्रम रहा, जिसमें मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने,नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने और अपात्र नामों के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर संगठनात्मक विस्तार और 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने की रणनीति तय की गई।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष भाजपा आर्येंद्र सिंह आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने की। मंच संचालन महामंत्री संतोष बाजपेई द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को मजबूत करने का अभियान है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ स्तर पर सक्रियता,मतदाता से सीधा संवाद और नियमित फीडबैक के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाया जा सकता है।

बैठक में बताया गया कि एसआईआर कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को दुरुस्त करना प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की भूमिका तय की गई है,ताकि मतदाता सूची शुद्ध, पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके। इस दौरान किरण दीवान, राधा बघेल, उपाध्यक्ष मीना साहू, विक्रम यादव, वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता छूनू राम, कौशिक शुक्ल, मनीष मूलचंदानी, जेपी यादव, प्रभात चौहान, ललिता यादव, बुधनी मंडावी,चूरेमानी ठाकुर,अरुंधती शांडिल्य,भरत यादव, महामंत्री दिगम्बर राव,सह मीडिया प्रभारी संतोष पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पार्षद खगेंद्र ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### मेरा बूथ' अभियान पर विशेष जोर

नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाएं। बूथ समितियों के नियमित बैठक, मतदाता संपर्क, सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से जनसमर्थन को निरंतर मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## मार्केल को हराकर नैनमूर फाइनल में



**करपावंड।** मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला सेमीफाइनल नैनमूर बनाम मार्केल के बीच खेला गया। मार्केल की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय ⏭ शेष पेज 14 पर



बधाईयां बधाईयां बधाईयां



हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY

जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र

**हरिभूमि**

के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



# दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# हरिभूमि

# के सफलतम 24 वर्ष

# पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं

# शुभकामनाएँ

"हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।"



## केदार कश्यप

**मंत्री**

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री छ.ग. शासन

**खबर संक्षेप**

## पूर्व विधायक ने किया खेल स्पर्धा का शुभारंभ



**बड़ेराजपुर/धामनपुरी।** बड़ेराजपुर विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामनपुरी में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस खेल स्पर्धा में संकुल क्षेत्र की सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल के बालक बालिकाओं ने अपनी सहभागिता दी। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि संतराम नेताम ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ की। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद भी पढ़ाई का एक हिस्सा है, कई लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने खेल के नाम पर अपना नाम रोशन किया है, खेल ही हमें अनुशासन सिखाता है, पूरे क्षेत्र में इन दिनों खेलकूद प्रतियोगिता चल रही है, जो बच्चे जीते हैं उन्हें मेरी ओर से शुभकामनाएं, जो हारे हैं उन्हें निराश नहीं होना है, इन्हीं शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्षता कर रही श्रीमती अम्बिका नेताम सरपंच धामनपुरी,प्रभु मरकाम,श्रीमती गणेशबत्ती मरकाम सरपंच छिंदली, शत्रुराम मरकाम सरपंच किबड़ा,जेठू मरकाम, मोती राठौर, ताम्रध्वज नेवरा, संकुल के शिक्षक,शिक्षिकाएं व ग्राम छिंदली, किबड़ा, धामनपुरी के गायता, पुजारी पटेल व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा का किया निरीक्षण



**फरसगांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन्म पंजीयन की जानकारी ली और समयबद्ध ढंग से वितरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पंजीयन में आ रही दिक्कतों के बारे में जाना और वितरण हेतु बचे हुए प्रमाण पत्रों को मैदानी स्तर के स्टाफ के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार जय कुमार नाग सहित स्वास्थ विभाग के बीएमओ डॉ. ज्योतिर्मिय प्रभावती उपस्थित रही।

## नागेश बने कोंडागांव युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष



**कोण्डागांव।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने संगठन विस्तार और क्षमता वृद्धि के अभियान के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। नागेश देवांगन को कोंडागांव जिला युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विकास दुआ को प्रदेश युवा मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यालय में दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विजय नारों के साथ बधाई दी। कार्यालय परिसर में युवाओं का उत्साह साफ दिखाई दिया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि नागेश देवांगन और विकास दुआ संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नागेश देवांगन ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। वहीं विकास दुआ ने कहा कि प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन को सशक्त बनाने और युवाओं को जोड़ने में वे सक्रिय योगदान देंगे।

# जिला अस्पताल में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ की हुई पदस्थापना

## डॉ. मदन मोहन गांगिचेट्टी किए गए नियुक्त

**खबर का असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

लंबे समय से रिक्त चल रहे स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के पद पर आखिरकार नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के प्रयासों से जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती सुनिश्चित हुई है। इस संबंध में हरिभूमि ने लगातार खबर का प्रकाशन किया था। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिला खनिज न्यास निधि मद के अंतर्गत संविदा नियुक्ति की गई है। इस क्रम में डॉ. मदन मोहन गांगिचेट्टी को जिला अस्पताल नारायणपुर में पदस्थ किया गया है। यह नियुक्ति नियमित विशेषज्ञ की शासन स्तर से नियुक्ति होने अथवा एक वर्ष की अवधि तक जो भी पहले हो प्रभावी रहेगी। जिले में लंबे समय से स्त्री रोग विशेषज्ञ के अभाव में गर्भवती महिलाओं और महिला रोगियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषज्ञ की तैनाती से अब सुरक्षित प्रसव, जटिल गर्भावस्था प्रबंधन और महिला रोगों के उपचार में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे नारायणपुर जिले के लिए ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम बताया है। यह नियुक्ति निश्चित रूप से जिले की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगी।


समस्या : नए डॉक्टरों ने भी प्रशासन की बेरुखी देख कर किया ज्वॉइन से इनकार
डॉक्टरों का पलायनः नारायणपुर बना 'नो गो ज़ोन', एक साल में चार विशेषज्ञों का इस्तीफ़ा
हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर
नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

## नेशनल हेराल्ड केस : कांग्रेस बोली झूठ की राजनीति का हुआ पर्दाफाश

# भाजपा कार्यालय घेरने निकली कांग्रेस प्रशासन ने बेरिकेडिंग कर रोका रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत द्वारा ईडी की चार्जशीट खारिज किए जाने के बाद कोंडागांव में मंगलवार को सियासी पारा अचानक चढ़ गया। भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ऐसा जोश दिखाया कि प्रशासन को सुरक्षा की कमान संभालनी पड़ी और भाजपा कार्यालय के बाहर कड़ी बेरिकेडिंग कर दी गई।

पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुर्दाबाद और सत्यमेव जयते के नारों के साथ भाजपा कांग्रेस नेता मोहन मरकाम ने मंच से ही भाजपा पर तंज कसते हुए कहा भाजपा ने एक दशक तक झूठ फैलाया। आज अदालत ने ईडी की चार्जशीट खारिज कर दी, अब बचा क्या हमारे नेताओं को बदनाम करने की कोशिश नाकाम हो गई। भाजपा की सियासी पटकथा अब फ्लॉप हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों को हथियार की तरह इस्तेमाल किया, लेकिन न्यायपालिका ने सच को बाहर ला दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा भाजपा कान खोलकर सुन ले — कांग्रेस को धमकाकर कोई रुकवा नहीं सकता। हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे, सड़कों पर भी और सदन में भी। जिला अध्यक्ष रवि घोष ने कहा कांग्रेस को बदनाम करने की आदत भाजपा की पुरानी है। आज का घेराव झूठ पर जनता की मोहर है। न्यायालय ने दिखा दिया कि भाजपा की कहानी खोखली थी।

### बड़ी संख्या में कांग्रेसी रहे मौजूद

*कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला, ब्लॉक एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी पहुंचे। रैली ने शहर में शक्ति प्रदर्शन का रूप ले लिया, जिससे भाजपा भी सकते में दिखाई दी।*

# धनोरा में दो दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा



निजी विद्यालय संघ, जिला कोण्डागांव के तत्वावधान में दो दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन 2025–26 का आयोजन 15 दिसंबर से 16 दिसंबर तक एमके गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल धनोरा में हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में बालक एवं बालिका वर्ग के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 15 दिसंबर को किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक भव्य परेड यात्रा निकाली गई, जिसमें सभी सहभागी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गरिमा पब्लिक स्कूल, बहीगांव, ए.एन.एस.एस., अमरावती सहित मेजबान टीम एम.के. गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, धनोरा के विद्यार्थियों ने शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें क्षेत्रीय संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कपिलकान्त नाग जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण बरनवाल जी, डायरेक्टर, एम.के. गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, धनोरा ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों के खेल कौशल, अनुशासन एवं सांस्कृतिक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

**टीमों को किया गया पुरस्कृत**

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेजबान टीम एम.के. गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, धनोरा ने चैंपियन टीम का खिताब अपने नाम किया। विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजक समिति, विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने सभी सहभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया।

## कोहरे में वाहन का वाइपर का उपयोग करें हेडलाइट को भी चालू रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग-अलग सड़क हादसों में में कई लोगों की जान चली गई, कई वाहन घने कोहरे की वजह से आपस में भिड़ने से वाहनों में सवार लोग हताहत हुए। कोहरे में वाहन संचालन हेतु परिवहन विभाग के मुख्यालय से एडवाईजरी जारी की। इस पर आरटीओ डीसी बंजारे एवं उड़नदस्ता प्रभारी, निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने वाहनों की जांच के दौरान सड़क हादसों के दृष्टिगत रखते हुए राज्य के समस्त यात्री बस संचालक, कमर्शियल वाहन चालकों से कहा कि घने कोहरे में गाड़ी चलाना सबसे खतरनाक स्थिति होती है। कोहरे में गाड़ी चलाते समय गति कम करें और हेडलाइट चालू रखें। हेडलाइट को हमेशा लो बीम मोड पर रखें ताकि आप सड़क को ठीक से देख सकें। हाई बीम कोहरे में मददगार नहीं होती, कोहरे में कुछ दिखाई नहीं देता। वाहन में फॉग लैंप हैं तो उन्हें चालू कर दें। कोहरे में न सिर्फ देखना महत्वपूर्ण है, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एडवाईजरी में कहा कि कोहरे के दौरान धीरे गाड़ी चलाएं, वाहन की हेडलाइट्स चालू करें और उन्हें लो बीम मोड में रखें। फॉग लैंप और पार्किंग लाईट चालू करें। डिफोस्टर और विंडस्क्रीन वाईपर का उपयोग करें। वाहनों के बीच हमेशा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अनुशासन का पालन करते हुए ओव्हरटेक से बचे। यदि गाड़ी चलाना वास्तव में असंभव हो तो गाड़ी को पूरी तरह से किनारे रोक दें और अपनी इंडिकेटर लाईट चालू रखें।

## हस्तशिल्पी तातीराम नहीं रहे किड़ईचेपड़ा में शोकसभा आज



**कोण्डागांव।** लौह हस्तशिल्प की दुनिया में अपनी अनूठी पहचान बनाने वाले, ग्राम किड़ईचेपड़ा जिला कोंडागांव के प्रसिद्ध हस्तशिल्पी तातीराम विश्वकर्मा अब इस दुनिया में नहीं रहे। 6 दिसंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के हस्तशिल्प जगत में शोक की लहर है। उनकी स्मृति में परिवार द्वारा 19 दिसंबर को शोक सभा आयोजित की जाएगी। नारायणपुर मार्ग पर स्थित ग्राम बुनागांव में जन्मे तातीराम विश्वकर्मा विवाहोपरांत किड़ईचेपड़ा में बस गए। यहीं उन्होंने लौह हस्तशिल्प को अपनी कर्मभूमि बनाया और अपने परिवार सहित इस कला को समर्पित कर दिया। तातीराम विश्वकर्मा ने परंपरागत तकनीक से रिषि उपकरण, घरेलू व रसोई उपयोगी सामग्री और विविध कलात्मक कलाकृतियाँ तैयार कीं। शिल्पगुरु स्व. डॉ. जयदेव बघेल के सानिध्य में उनकी कला और निखरी और उन्होंने लौह हस्तशिल्प में सिद्धहस्तता प्राप्त की। राज्य पुरस्कार विजेता कलाकार कला का सम्मान और पहचान लगन और मेहनत के चलते तातीराम विश्वकर्मा राज्य पुरस्कार विजेता बने। उनकी ख्याति इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल के.एम. सेठ और स्व. शेखर दत्त स्वयं किड़ईचेपड़ा स्थित उनके निवास पर पारंपरिक लौह निर्माण प्रक्रिया देखने पहुंचे। तातीराम विश्वकर्मा ने अपने परिवार को पूरी तरह हस्तशिल्प परंपरा से जोड़ दिया पुत्र सुनील विश्वकर्मा राज्य पुरस्कार विजेता, कनिष्ठ पुत्र जूनियर वर्ग राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, पत्नी, पुत्रवधू, पुत्रियाँ, नाती–पोता सभी हस्तशिल्प क्षेत्र में सक्रिय उनकी विरासत आज एक पूरे परिवार के रूप में फल–फूल रही है। गांव, जिला और प्रदेश को मिला अंतरराष्ट्रीय गौरव, किड़ईचेपड़ा का लौह हस्तशिल्प विश्वभर में प्रसिद्ध है। देश–विदेश से पर्यटक इस कला को देखने आते हैं। इस विश्वख्यात पहचान के पीछे तातीराम विश्वकर्मा का बड़ा योगदान माना जाता है। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे तातीराम विश्वकर्मा का निधन कला जगत में अपूरणीय क्षति है। उनकी स्मृतियाँ और उपलब्धियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। तातीराम विश्वकर्मा नहीं रहे पर उनकी छेनी–हथौड़ी की धुन किड़ईचेपड़ा की मिट्टी में हमेशा गूंजती रहेगी।

## पूजा-अर्चना एवं जैतखाम में किया गया ध्वजा रोहण

# घासीदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती सतनामी समाज द्वारा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना एवं जैतखाम में ध्वजा रोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर सतनामी समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, सतनाम संदेश एवं बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने सत्य, अहिंसा, समानता एवं सामाजिक समरसता के उनके संदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



समाज के अध्यक्ष देवराज खूंटे ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने शिक्षा, संगठन और सेवा के मार्ग पर समाज को आगे बढ़ाने तथा युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में समाज की एकता, भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों, परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

*कार्यक्रम में पूर्व विधायक रेखचंद, जिला अध्यक्ष कांग्रेस सुशील मौर्य, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जीआर सोरी, पूर्व संरक्षक आईपी बंजारे, अध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज धर्मचंद शर्मा, डॉ देवकांत चतुर्वेदी, वीएन दूधी अध्यक्ष महार समाज,सुनील नाग, निर्मल चंदेल,नवल ओगर संरक्षक, लक्ष्मी मारकंडे अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, हेमंत ओगर उपाध्यक्ष,रुपेश नागेंकर पूर्व अध्यक्ष, विक्रम लहरे, अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति समाज,पीडी मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध समाज, धर्मेन्द्र बघेल,मनोज डी नकुल महिलांग, आसमान चंदेल, तुषार डीढी, मोंटी चंदेल, देवा खूंटे, टेमन मंडल, अमन चंदेल, नरेश बेर, शाहिल बंजारे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतनामी समाज जगदलपुर के सभी पुरुष, महिला एवं युवा कार्यकारिणी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।*

# किरंदुल में महिलाओं पर लाठीचार्ज का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



किरंदुल में 16 दिसंबर को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहीं आदिवासी महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने इस घटना को मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन बताते हुए राज्य सरकार पर संवेदनहीनता और कानून-व्यवस्था की विफलता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टेलिंग डैम से विस्थापन, पुनर्वास और पर्यावरणीय सुरक्षा जैसी संवैधानिक मांगों को लेकर एकत्र निहत्थी महिलाओं पर सशस्त्र पुरुष सुरक्षा गार्डों द्वारा हमला किया गया,जो लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है।

जोगी ने कहा कि मौके पर महिला पुलिस की अनुपस्थिति और प्रशासनिक असंवेदनशीलता ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। इस लाठीचार्ज में कई महिलाओं के कपड़े फटने, चूड़ियां टूटने और गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल मौखिक माफी पर्याप्त नहीं, बल्कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। पार्टी ने पूरे प्रकरण की न्यायिक मजिस्ट्रेट से निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार सुरक्षा गार्डों के निलंबन, घायल महिलाओं के इलाज का खर्च और मुआवजा देने की मांग की है।संभागीय अध्यक्ष नवनीत चाँद ने कहा कि निहत्थी महिलाओं पर लाठीचार्ज सरकार की महिला विरोधी सोच को उजागर करता है और आदिवासी-गरीबों की आवाज दबाने का प्रयास है। इस दौरान बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद, बस्तर संभाग महामंत्री रामनाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकामी, यूनियन अध्यक्ष लखमा कोराम, यूनियन सचिव खुर्शुराम मौर्य, जगदलपुर महामंत्री संतोष सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया यादव, विधानसभा अध्यक्ष मेहताब सिंह, सुकमा जिला अध्यक्ष राजू पी प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**पेज 11 के शेष**

### गुरुघासीदास जयंतीः 'मनखे...

सद्भाव, समानता और भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी गौरनाथ नाग, अवधेश झा, सतनामी समाज संरक्षक आईटी बंजारे,सतनामी समाज अध्यक्ष देवराज खुटे,सुनील नाग, बौद्ध समाज अध्यक्ष पीडी मेश्राम,महार समाज अध्यक्ष वीएन दूधी,रुपेश नागरकर,डॉ. देवकांत चतुर्वेदी, विक्रम लहरे, निर्मल चंदेल, हेमंत ओगर,रोहित चंदेल, लक्ष्मी मार्कण्डेय, त्रिलोचन, धर्मेंद्र, आसमन चंदेल, पुष्पलता सहित समाजजन उपस्थित रहे।

### भाजपा ने बाबा...

शक्ति केंद्र प्रभारी गीता नाग,मीना साहू,मंडल महामंत्री दिंगबर राव,संतोष बाजपेयी,संतोष पांडे, पार्षद दिलीप दास,पार्षद उर्मिला यादव,पप्पू ठाकुर,रजनीश सिन्हा,शोभा राव,संतु राव,बंटू पांडे,विक्की,विनोद सहित बूथ अध्यक्ष,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा के नए ...

पार्टी देशभर में और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से भाजपा के कार्यक्रमों और अभियानों को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे, सरगुजा लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज तथा जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े उपस्थित रहे, जिन्होंने नितिन नबीन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### माहेश्वरी समाज की...

पर दी गई वैक्सीन भविष्य में प्रभावी सुरक्षा देती है। परिसंवाद के उपरांत सभी बालिकाओं को निर्धारित निर्देशो के अनुसार वैक्सीन दी गई। इस उपरांत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ, समाजसेवी,समाज के पदाधिकारी और अभिभावकगण उपस्थित रहे। यह आयोजन बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान सीमा चांडक, प्राची गांधी, तृप्ति चांडक, शंकरलाल चांडक, तेजमल राठी, महेश राठी, नरेश राठी, राकेश चांडक, हरिश चांडक, रामलाल गांधी, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. भंवर शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, बस्तर जिला अध्यक्षः राजु गांधी, उपाध्यक्ष धनराज चांडक जगदीश राठी, संगठन मंत्री जगदीश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष अशोक राठी, मंत्री पुखराज राठी, अध्यक्ष चंद्रेश चांडक, सचिव नथमल पनपालिया, सहसचिव अनिल केला एवं अन्य उपस्थित रहे।

### मांग पूरी नहीं ...

बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के 33 मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता देने, वर्ष 2019 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में आंदोलन के बावजूद सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की है। फेडरेशन के अनुसार शासन के लगभग सभी विभागों के कर्मचारी,अधिकारी और शिक्षक हड़ताल में शामिल होंगे। सोमवार से जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों को कृषि उपज मंडी परिसर में पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### मार्केल को हराकर...

लिया। नैनमूर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 101 रनों का लक्ष्य रखा। मुकाबला नैनमूर ने 18 रन से जीता। इस जीत के साथ नैनमूर ने फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच पंकु जिन्होंने 3 ओवर में 29 रन देकर शानदार 4 विकेट अपने नाम किया। आज के अतिथि थाना प्रभारी करपावंड बसंत खलको, सिद्धि विनायक धर्मात्र ट्रस्ट नागेंद्र नाथ बरियार, राजू देवांगन, पूर्व सरपंच सामो राम कश्यप, जयमन देवांगन, गणेश मरकाम, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। प्रत्येक मैच का मैन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड संजू देवांगन के द्वारा दिया जा रहा है। आज के अंपायर संजू देवांगन और दीपक देवांगन रहे। शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल मारुति इलेवन करपावंड बनाम तारापुर के बीच 1 बजे खेला जाएगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**
**फार्म–अ**
**सार्वजनिक सूचना (नियम 6 देखिए)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि श्री नाजु मंसूरी पिता मंहदीन मंसूरी, उम्र 35 वर्ष, वर्तमान निवासी- विद्युत सब स्टेशन के पीछे पावर हाउस, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) स्थायी निवास ग्राम-रतौली, पोस्ट बिथुना, थाना व तहसील बसंतपुर जिला सिवान (बिहार) पिन कोड 841507 एवं कु. आसिया परवीन पिता मो. अजहर, उम्र-29 वर्ष, वर्तमान निवासी- कन्हैया बिकानेर हॉटल के बाजु में प्रतापगंज पारा, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) स्थायी निवास गौरव लॉज के बाजु में इंदिरा वार्ड, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने इच्छुक व्यक्ति कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 16/01/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनाक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी ।

मुहर
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 08/12 /2025
**– उद्घोषणा –**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र ध्रुव पिता मुरली ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम चोण्डीमटवाड़ा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादी स्व. प्यारी बाई/चैतू मृत्यु तिथि 12/03/1988 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सिंगनपुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 22/12/25 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 08/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 22/12/25

मुहर
तहसीलदार
तोकापाल




# जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र

# हरिभूमि

## के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं

## शुभकामनाएँ

# सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण हरिभूमि

हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्जवल भविष्य की ओर पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज होती है। ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान को वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता को एक सशक्त यात्रा का उत्सव है।

हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है। 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साथ अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है। इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, जो तारीफ के काबिल है। यहीं कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है। हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफर हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है।

आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेंक न्यूज, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है। यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन को सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं बल्कि समाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी है। हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याएं सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा। जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढ़ने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 24 वर्षों की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ट प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सकें। शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्थिति को दशार्ता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रख रखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य को जानकारी पाठकों को दी जाती है।




# नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में जगी विकास की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ योजनाओं का लाभ लेने शिविरों में पहुंचने लगे ग्रामीण

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना से जिला बीजापुर के पहुंचविहीन एवं दुर्गम गांवों में विकास की नई उम्मीद जगी है। योजना का प्रभाव यह है कि अब ग्रामीण बीहड़ क्षेत्रों से निकलकर शिविरों में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में बुधवार को डौडीतुमनार में प्रथम चरण का सेचुरेशन शिविर आयोजित किया गया। जनपद पंचायत सीईओ पीआर साहू के नेतृत्व में सभी विभागों के मैदानी अमले के साथ बीजापुर से आवापल्ली, बासागुड़ा और तर्रेम होते हुए गौटपल्ली कैम्प जिला सुकमा पहुंचकर शिविर का आयोजन



किया गया। सरपंच एवं सचिव की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में उपस्थित हुए। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा अपने- अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। योजनाओं की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में लाभ लेने को लेकर उत्साह देखा गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पहले चरण में सभी परिवारों का सर्वे कर यह चिन्हांकन किया जा रहा है कि किन लोगों के पास कौन-कौन से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। सर्वे के दौरान ग्रामीणों को सही नाम बताने एवं उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में शेष आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने तथा पुनः शिविर आयोजित करने की कार्यवाही की जाएगी ताकि सभी पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### नये कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी ध्रुव पूर्व में बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे। इसके बाद वे बलौदाबाजार-भाटापारा और बीजापुर जिले में एसडीएम रहे। इसके अलावा उन्होंने नारायणपुर जिले में सीईओ जिला पंचायत के रूप में सेवाएं दी। तत्पश्चात उनकी भिलाई नगर निगम कमिश्नर के रूप में पोस्टिंग हुई। इसके बाद उन्हें सुकमा जिले में बतौर कलेक्टर पदस्थ किया गया था। इसके साथ ही कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यभार ग्रहण के उपरांत सभाकक्ष में सभी जिला प्रमुख अधिकारियों से परिचयात्मक जानकारी लेकर उनसे कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और दिए गए लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हुए उनसे अपने दायित्वबोध और कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन अपेक्षित रहेगा। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### रामू बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री

**दंतेवाड़ा।** भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन ने सांगठनिक नियुक्तियां तेज कर दी है। इसी परिपेक्ष्य में



दंतेवाड़ा जिले से रामू नेताम को प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। रामू नेताम को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं रामू नेताम ने प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन मंत्री पवन साय और बीजेपी संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहां कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे और डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के मध्य पहुंचाने का प्रयास करेंगे। रामू नेताम पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे चुके है और दंतेवाड़ा मंडल में महामंत्री के दायित्व का निर्वहन भी कर चुके हैं। वर्तमान में रामू नेताम जनपद सदस्य के रूप निर्वाचित हैं।

### कुणाल बने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री



**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिया ने प्रदेश की कार्यकारणी एवं जिला अध्यक्षों की सुची जारी कि है। जिसमें दंतेवाड़ा जिले से कुणाल ठाकुर को प्रमुख जिम्मेदारी के रूप में प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिला है। कुणाल ठाकुर लगातार सक्रिय रहे हैं और युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष, जिला महामंत्री व जिला अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही दुसरी बार जनपद सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने पर दंतेवाड़ा जिला सहित बाकी जिलों के युवाओं में भी उत्साह है। कार्यकारणी की घोषणा होते ही दंतेवाड़ा के युवाओं ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। कुणाल ठाकुर ने नवीन दायित्व हेतु संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केदार कश्यप, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिया, विधायक चैतराम अटामी एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया। वहीं दंतेवाड़ा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी एवं विरेश मिश्रा व भावना परगनीया को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी मिली है।

कार्यालय में बड़ी संख्या में पुलिस बल किया गया था तैनात

# हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत द्वारा ईडी की चार्जशीट खारिज किये जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने दंतेवाड़ा जिला भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी झंडे लहराते हुए लगातार भाजपा के खिलाफ जबरदस्त नारे बाजी करते रहे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर सैकड़ों की संख्या में जुटे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए भाजपा की केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों को जमकर कोसा ।

प्रदर्शन से पहले सभी कांग्रेसी चिंतालंका के बाईपास चौक में एकत्रित हुए और वहां से सारे लोग पैदल मार्च निकल नारेबाजी करते हुए जिला भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े। भाजपा कार्यालय के बाहर पहले से भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात थे। कार्यकताओं और सुरक्षा बल के बीच झूमाझटकी भी हुई। भाजपा कार्यालय पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य गेट पर डट गए और विरोध जताते रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि बिना एफआईआर के सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय




एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है और यदि यह सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।पीसीसी सयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हो चुके हैं, इसके बावजूद ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग लोकतंत्र को कमजोर करने के बजाय मजबूत करने के लिए होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में केंद्र सरकार की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया । इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, सुलोचना कर्मा, मंगल यादव, इंदिरा शर्मा, राजेन्द्र कौर, भीमसेन मंडावी, मनीष भट्टाचार्य, विमल सलाम, रविश सुराना, राजकुमार जायसवाल, कोपा कुंजाम, सुमित्रा शोरी, राधा नाग,इंदिरा ठाकुर,बबलू सिद्दीकी, राजू रेड्डी, विवेक देवांगन, संतोष दुबे,कमलोचन सेठिया, शंकर कुंजाम, विद्यानन्द सेन,वीर सिंह ठाकुर, मनोज मालवीय, मनोज कौरव, राजकुमार तामो, राजू भास्कर, नन्दा राम कुंजाम, रामनाथ राठौर, जितेंद्र कश्यप, रजत दहिया, आसिफ रज़ा,मनोज साहा, संजीव साव, उस्मान खान, पंकज बनिक, मनी राम हपका, सहदेव नाग, लच्छु मंडावी, राजेन्द्र मंडावी, उमेश कश्यप, अप्पू कुंजाम, विजय भोगामी, आकाश नियाल, अविनाश सरकार, सुनील गाइन बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# डीएवी आवासीय विद्यालय में कृष्णमयम द इटरनल सिंफनी वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर दिए 1 लाख रूपए

धनपूंजी स्थित एनएमडीसी डीएवी आवासीय विद्यालय में भव्य वार्षिक उत्सव कृष्णमयम द इटरनल सिंफनी हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों आध्यात्मिक चेतना और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएनवीएस प्रभाकर सर चेयरमैन एलएमसी और एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर एन एस एल, विशिष्ट अतिथि सुजाता प्रभाकर, विशिष्ट अतिथि रमेश शेट्टी सीजीएम मेटलर्जी, एन शशिधर सीजीएम मैकेनिकल, जयेश पटेल सीजीएम कमर्शियल, विजय भास्कर सीजीएम मैटेरियल्स, विशेष अतिथि एस बाबजी जीएम एचओडी एचआर एंड एडमिन, पीएल वर्मा, मैनेजर डीएवी धनपूंजी, शैलेश सिंह एआरओ, डीएवी आईटीआई नगरनार के प्राचार्य अभिषेक पवार व अन्य विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष के वार्षिक उत्सव का



थीम कृष्ण जीवन है जो आध्यामिक ही न होकर एक संपूर्ण शिक्षा है। प्रार्चाय ने स्कूल की शैक्षिक उपलब्धियों, विभिन्न खेलो में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और पिछले शैक्षिक वर्ष विद्यालय में लगाए गए ऐकडेमिक प्रदर्शनी के सफल आयोजन के बारे मे भी जानकारी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग 1 में भगवान श्री कृष्ण के बाल एवं किशोर जीवन की लीलाओं को मनोहारी नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात पुरस्कार एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विद्यार्थियों को मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में जीवन में सतत प्रेरणा और नैतिक मूल्यों के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग 2 में श्री कृष्ण की युवावस्था से निर्वाण तक की आध्यात्मिक यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कंस वध, सुदामा चरित, गीतोपदेश और श्रीकृष्ण का प्रस्थान ने कार्यक्रम को गहन भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। भव्य ग्रैंड फिनाले में कृष्णा नी बेगाने बारों की सामूहिक प्रस्तुति और समूह छायाचित्र ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर एक लाख रु. ईनाम की घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, आईटीआई नगरनार के शिक्षक , विद्यार्थी और अन्य स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संदीप बेबरता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इसके पश्चात शांति पाठ और राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# राहुल बने भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई। दंतेवाड़ा में राहुल असरानी को भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दंतेवाड़ा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन ने सौंपी है। राहुल असरानी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने मुझे भाजपा युवा मोर्चा दंतेवाड़ा के जिलाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण एवं नवीन दायित्व सौप मुझे नई जिम्मेदारी दी है। इसके लिए में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही आप सभी के अपनत्व और आशीर्वाद सभी के स्नेह प्रेम सभी की शुभकामनाएं बधाई के लिये सभी महानुभावों का ह्रदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा एवं अत्याधिक्र युवा शक्ति को राष्ट्रवाद एवं संगठन विस्तार के कार्यों से जोड़ने हेतु तत्पर एवं सदा प्रयासरत रहूंगा।

## भाटपाल में मनाया गया घासीदास जयंती



**बस्तर।** गुरू घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर को हर्ष उल्लास के साथ हर साल की भांति इस वर्ष भी ग्राम भाटपाल में गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में पूजा आरती कर समस्त ग्रामवासी मिलकर जयंती का आयोजन किया गया। और बाबा जी के बताएं मार्ग को लेकर मनखे मनखे एक समान को जन जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रमुख शोभाराम मारकंडे, पनेशराम तलहरे, परसराम बंजारे, छोटू राम मारकंडे, लालाराम, मंगलू मारकंडे, लक्ष्मी दास मारकंडे, राजमन नवरंगे, कृष्ण मारकंडे,चंदन बंजारे, कुमारी बाई लहरे, निक्की बंजारे समाज के प्रमुख पूजा आरती कर बाबा जी का संदेश को जन जन तक पहुंचने का संकल्प लिया।

# चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की 6 सूत्रीय मांगों पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शीघ्र समाधान का मिला भरोसा, नियमितीकरण व वेतन विसंगतियों का मुद्दा प्रमुख

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में राजधानी रायपुर पहुंच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की लंबित समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशभर में कार्यरत कलेक्टर दर एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा, वेतन और पदोन्नति से जुड़ी व्यथाओं को क्रमबद्ध रूप से रखा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि प्रस्तुत 6 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र ही सार्थक और सकारात्मक पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को न्यायसंगत वेतनमान, सेवा सुरक्षा और उन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इस बात की



### संघ की 6 सूत्रीय प्रमुख मांगें

कलेक्टर दर व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का वरिष्ठता क्रम से नियमितीकरण कर नियमित वेतनमान लागू किया जाए, जहां पद रिक्त न हों वहां पूर्व वेतन व श्रम सम्मान निधि को जोड़कर मूल वेतन घोषित किया जाए तथा सेवा शर्त नियम बनाए जाएं। चतुर्थ श्रेणी संवर्ग का ग्रेड वेतन 1300, 1400, 1800 और 1900 के स्थान पर क्रमशः 1800, 1900, 2200 और 2400 किया जाए। जल संसाधन, लोक निर्माण व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों के कार्यभारित कर्मचारियों को समान वेतनमान में नियमित स्थापना में संविलियन किया जाए। चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी पदोन्नति हेतु एक बार के लिए 25 प्रतिशत के स्थान पर 50 प्रतिशत प्रावधान किया जाए। आदिम जाति कल्याण विभाग के आश्रम-छात्रावासों में कार्यरत उच्च योग्यताधारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 'टी' संवर्ग में संविलियन कर तृतीय श्रेणी पदोन्नति दी जाए तथा विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी,कलेक्टर दर और पंचायत प्रस्ताव पर लगे सभी कर्मचारियों को श्रम सम्मान निधि प्रदान की जाए।

जानकारी संघ के संभागीय अध्यक्ष सनकु कर्मा ने दी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अनेक विभागों में कलेक्टर दर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी वर्षों से नियमित कर्मचारियों के समान कार्य कर रहे हैं,किंतु उन्हें न तो नियमित वेतनमान का लाभ मिल पा रहा है और न ही स्पष्ट सेवा शर्तों का। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। हाल ही में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर में मुलाकात किया। मुख्यमंत्री ने संघ के मांगो पर शीघ्र उचित पहल करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद संघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाता है तो इससे हजारों चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों और उनके परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा शासकीय कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी।

संघ ने कलेक्टर दर एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर वरिष्ठता के आधार पर संविलियन तथा चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के ग्रेड वेतन में बढ़ोतरी की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा। कार्यभारित कर्मचारियों के नियमित स्थापना में संविलियन, पदोन्नति प्रतिशत बढ़ाने तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी का लाभ देने की मांग भी प्रतिनिधिमंडल ने रखी।

# पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहेः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

■ संगठन की मजबूती के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने आज धर्माउर कार्यालय में एसआईआर को लेकर विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में मंडल अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं की पहचान करना तथा



आगामी कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। विधायक ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि एसआईआर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक जिम्मेदार कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। विधायक ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ किया जाना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा आम जनता को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें। बैठक के दौरान एसआईआर से संबंधित अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधारों पर गंभीरता से चर्चा हुई। विधायक ने कार्यकर्ताओं से फील्ड स्तर पर आ रही चुनौतियों, तकनीकी कठिनाइयों एवं प्रशासनिक समन्वय से जुड़ी समस्याओं पर सुझाव मांगे। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सुझावों को विधायक ने अत्यंत उपयोगी बताते हुए उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय है और आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डे, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, नारायण सिह ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मंगतुराम कश्यप, सुनिल कुहरामी, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य डिकेश नाग, मिटकुराम बघेल, मुन्ना कश्यप, दशरथ कश्यप, बाबुल नाग, संतोष ठाकुर, शिव सुर्यवशीं, तनसिह यादव, सतीश बाजपेई एवं अन्य जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# शक्ति दिवस के लिए समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज : लोहंडीगुड़ा

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज मुख्यालय बड़ेडोंगर के गढ़ बड़ाजी में 18 दिसम्बर को बैठक आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य रूप से शक्ति दिवस मनाने को लेकर चर्चा किया गया। समाज के रूपेंद्र मांझी महासचिव युवा प्रकोष्ट ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हल्बा समाज के द्वारा शक्ति पर्व मनाया जाना है। जिसमे की हल्बा समाज की एकता अखंडता और भाईचारे का पर्व कहलाता है। इस वर्ष शक्ति दिवस 26 दिसम्बर का आयोजन ग्राम बड़ाजी ब्लॉक लोहंडीगुड़ा में आयोजित होगा। बैठक में उपस्थित लोकनाथ गागड़ा उपाध्यक्ष 18 गढ़ महासभा, श्रीधर बाकड़ा अध्यक्ष गढ़ बड़ाजी, नरेन्द्र बाकड़ा, सदन लेकाल, लोकेश्वर बाकड़ा, गणेश राणा, जयदेव गागड़ा, नबी ख़रिसान, टेमनाथ शार्दूल, रोमनाथ गागड़ा, हंशु कराटी, धर्मेंद्र बाकड़ा, गुनधर बाकड़ा, मंगल देहारी, दिगपाल बाकड़ा, शोभा राम चालकी, मधुसूदन कुंवर अन्य उपस्थित थे।